आज का मौसम
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 41.8° | 20.6 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 34 | सूर्यास्त 06 : 39 |

## शहर में आज

- **संगोष्ठी :** कानपुर विद्या मंदिर में समाज शास्त्र द्वारा संगोष्ठी उच्चशिक्षा मंत्री द्वारा सुबह 9 :30 बजे।
- **कार्यक्रम :** एलेन हाउस कैंपस में बिजनेस व विज्ञापन के संबंध में कार्यशाला सुबह 10 बजे से।
- **शिविर :** रोहतगी अस्पताल द्वारा पनकी हनुमान मंदिर निशुल्क जांच शिविर सुबह 10 बजे।
- **पुरस्कार :** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन मेस्टन रोड में पुरस्कार वितरण 11 बजे।
- **समारोह :** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन में क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह सुबह 11 :15 बजे।
- **जागरुकता :** परेड स्थित आईएमए हाल में लोकसभा में मतदान को लेकर जागरुकता 3 :30 बजे।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में पदाधिकारियों, विधानसभा समेत सभी अध्यक्षों की बैठक शाम चार बजे।
- **सेमिनार :** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ का अर्मापुर स्टेट समाज सदन में सेमिनार 5 :30 बजे।

## एक नजर

### चचेरी बहन के प्रेमी ने युवक पर किया हमला

**कानपुर।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में चचेरी बहन के प्रेमी ने युवक पर हमला कर दिया। युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। रतनलाल नगर निवासी श्रीओम अग्निहोत्री ने बताया कि गुरुवार रात उनका बेटा यश घर लौट रहा था। यश की चचेरी बहन के प्रेमी इशान त्रिपाठी और उसके साथियों ने बेटे को घेर कर गाली गलौज की और उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह वहीं बेहोश होकर गिर गया।

# जीआरपी व आरपीएफ प्रभारी से मिले काजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मदरसा छात्रों को चाइल्ड लाइन भेजने का मामला

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्णिया से शहर आए मदरसा छात्रों को चाइल्ड लाइन भेजने के मामले में शुक्रवार को शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस ने जीआरपी व आरपीएफ प्रभारी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मदरसों में शिक्षण कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में बिहार, बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से छात्रों के शहर आने का क्रम चल रहा है। चाइल्ड लाइन भेजे गए बच्चे यहां मदरसों में शिक्षा ग्रहण करते हैं और हॉस्टल में रहते हैं। बच्चे जिस मदरसों में शिक्षा ग्रहण करने आए हैं, वहां के जिम्मेदारों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया जाए।

बता दें कि बुधवार को बिहार से 15 किशोर सेंट्रल स्टेशन पहुंचे थे, इसकी खबर पाकर आरपीएफ ने उन्हें ट्रेन से उतार लिया था। किशोरों ने घाटमपुर स्थित मदरसा के छात्र होने की बात बताई थी, मगर उनके साथ कोई जिम्मेदार न होने से आरपीएफ ने किशोरों को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर वीपी सिंह ने बताया था कि बच्चे पढ़ने आए हैं या किसी दबाव में लाए गए हैं। इसकी जांच की जा रही है।

# पारा 41 पार, तेज गर्मी से लोग बेहाल

**आफत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवा
- जल्द ही रात का पारा भी उछाल मारेगा



झुलसाने वाली धूप में गर्मी से बेहाल युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में गर्मी अपना विकराल रूप दिखाती जा रही है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम पारा 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में तपिश बढ़ने और तेज हवाओं से लू का एहसास हुआ। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक ने जल्द ही न्यूनतम तापमान में भी बढोतरी होने की आशंका जताई है।

करीब 15 दिन से शहर तेज गर्मी की चपेट में है। सुबह 9 बजते ही तेज धूप होने लगी है। दोपहर तक हालात और खराब हो जाते हैं। तेज धूप और तपिश की वजह से सड़कों पर आवाजाही कम हो जाती है और बाजारों में सन्नाटा होने लगता है। दोपहर में तेज हवा चलने से लू के थपेड़े लगते हैं। शाम को भी राहत कम मिल रही है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिकों ने न्यूनतम पारा 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि मौसम के मिजाज को देखते हुए जल्द ही न्यूनतम पारे में भी उछाल की आशंका प्रबल है। उन्होंने बताया कि बुधवार तक हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

हवाओं की गति सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। इससे तपिश और अधिक बढ़ सकती है। एक-दो दिन में तेज लू चलने की आशंका है। 25 से 28 अप्रैल तक हीट वेव की आशंका जताई गई है। लोग बाहर निकलने से पहले खूब पीने पिएं और सिर व शरीर को कपड़ों से ढके रखें।



## स्कूलों का समय बदला

**कानपुर।** गर्मी बढ़ने पर बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। 28 अप्रैल तक स्कूल सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 11.30 तक खुलेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे तक खुलेंगे। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी के चलते समय परिवर्तन किया गया है। सभी स्कूलों को आदेश जारी कर दिया गया है।

# सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अंडा बिरयानी खाने के बाद 40 यात्री पड़े बीमार

## यशवंतपुर-गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्री फूड प्वाइजनिंग के हुए शिकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नागपुर से सेंट्रल स्टेशन तक यात्रियों को हुई उल्टी-दस्त, पेट दर्द से कराहते रहे
- सेंट्रल स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम ने दिया उपचार, 35 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन



कोच में बीमार यात्रियों का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यशवंतपुर जंक्शन से गोरखपुर जा रही 22534 यशवंतपुर गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में आठ एसी कोचों में सवार 40 यात्रियों की नागपुर जंक्शन पर अंडा बिरयानी व अंडा करी खाने से हालत बिगड़ गई। यात्रियों को पेट दर्द व उल्टी-दस्त शुरू हो गए। यात्रियों को फूड प्वाइजिनिंग की खबर पाकर ट्रेन को झांसी में रोका गया। वहां डॉक्टरों की टीम ने 37 यात्रियों का चेकअप कर दवा दी।

ट्रेन जब कानपुर सेंट्रल पहुंची तो यहां लोको अस्पताल के अधीक्षक समेत डॉक्टरों की टीम ने 18 गंभीर बीमारों के साथ करीब 40 यात्रियों का चेकअप कर दवाएं दीं। करीब आधे घंटे बाद ट्रेन गोरखपुर के लिए रवाना हुई। फूड प्वाइजनिंग की घटना से अवैध तरीके से ट्रेनों में बिक रही खानपान सामग्री पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सुपरफास्ट एक्सप्रेस के एसी कोच बी-वन, टू, थ्री, फाइव, सेवन व एट में सवार यात्रियों के अनुसार नागपुर के बलारशाह स्टेशन पर वेंडर को अंडा करी व अंडा बिरयानी आर्डर किया था।

गुरुवार रात करीब 9.30 बजे ट्रेन में ही खाना खरीदकर खाया था। उसके कुछ समय बाद ही पेट दर्द, उल्टी-दस्त व बुखार की शिकायत होने लगी। इस पर यात्रियों ने टीटीई को मामले की जानकारी दी। एक साथ करीब 40 यात्रियों की हालत बिगड़ने पर ट्रेन को झांसी में रोका गया और रेलवे चिकित्सकों ने सभी का चेकअप कर यात्रियों को दवाएं दीं। इसके बाद कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे स्वास्थ्य, वाणिज्य और चेकिंग टीम को अलर्ट किया गया। ट्रेन शुक्रवार दोपहर 12.02 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म पांच पर आई तो स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी ने लोको अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवींद्र प्रसाद को बताया। डॉ. अतुल, डॉ. आशीष मिश्र, डॉ. केएल राय सिंघानिया, डॉ. अंकिता राजपूत ने स्टेशन पर सभी मरीजों को चेकअप कर दवाएं दीं। डक्टरों के अनुसार कोई मरीज गंभीर नहीं है। ट्रेन करीब 35 मिनट सेंट्रल स्टेशन पर खड़ी रही। सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात अधीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना नागपुर जंक्शन पर अंडा करी खाने से हुई है। जांच कराई जा रही है। आईआरसीटीसी के माध्यम से उक्त वेंडर का पता लगाने में टीम लगी है।



प्लेटफार्म पर मौजूद रेलवे अधिकारी। अमृत विचार

### पैंट्रीकार, साइड पैंट्रीकार पर उठे सवाल

यात्रियों को हुई फूड प्वाइजनिंग से रेलवे में बिक रही खानपान सामग्री पर सवाल उठा है। कई यात्रियों ने कहा कि पता ही नहीं चलता कि पेंट्रीकार, साइड पैंटीकार रेलवे से मान्य है या अवैध। लेकिन धड़ल्ले से खाना परोसा जा रहा है। एक सप्ताह पहले ही सेंट्रल स्टेशन पर अधिकारियों के औचक निरीक्षण में कई अवैध वैंडर खाना बेचते पकड़े गए थे।



बीमारों का हाल-चाल लिया गया।

> अंडा बिरयानी और अंडा करी खाकर यात्रियों के बीमार होने की खबर मिली है। नागपुर जंक्शन पर यात्रियों ने भोजन किया था। इसके बाद तबीयत बिगड़ी। ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पर आने पर डॉक्टरों की टीम ने यात्रियों का चेकअप कर उपचार दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।
>
> **-अमित सिंह-पीआरओ, प्रयागराज मंडल**

# लापता किशोर को 20 माह बाद किया बरामद

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में कोयला नगर में अगस्त 2022 को घर से लापता हुए 14 वर्षीय किशोर को पुलिस ने सर्विलांस के जरिये 20 माह बाद बरामद किया है।

चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि कोयला नगर के न्यू आजाद नगर निवासी छोटेलाल का 14 वर्षीय बेटा आदित्य उर्फ साहिल 20 माह पहले घर से गायब हो गया था। उसके पिता ने नौ अगस्त 2022 को अज्ञात पर अपहरण का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था। सर्विलांस की मदद से पुलिस को आदित्य की लोकेशन मुंबई में मिली। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर उसको वापस कानपुर बुलाया। फिर स्टेशन आने पर उसे पकड़ा। आदित्य ने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर वह घर से चला गया था। स्टेशन से मुंबई की ट्रेन में बैठ गया। वहां पर एक होटल में नौकरी कर रहने लगा।

# नयागंज से पकड़ा गया नकली फेवी क्विक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्म मालिक के खिलाफ रिपोर्ट पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में चर्चित ब्रांड के फेवी क्विक के नाम पर नकली माल बेचे जाने का पुलिस ने खुलासा किया। नयागंज स्थित मेसर्स सुरेश माचिस वाले फर्म पर छापा मारकर नकली फेवी क्विक बरामद की गई। ब्रांडेड कंपनी के अधिकारियों को नकली माल बेचे जाने की सूचना मिली थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने फर्म मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक पुनीत ढींगरा गुरुवार को कंपनी के कर्मी ग्वालियर निवासी धर्मेन्द्र नरवरिया के साथ कलक्टरगंज थाने पहुंचे और उनकी कंपनी के नकली उत्पाद कलक्टरगंज क्षेत्र के नयागंज में बेचे और बनाए जाने की सूचना दी। कलक्टरगंज थाना प्रभारी ने कंपनी के लोगों के साथ पुलिस टीम को जांच के लिए भेजा। पुलिस टीम ने नयागंज मार्केट में पड़ताल की तो पता चला कि दुकानदार मैसर्स सुरेश माचिस वाले पीडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उत्पाद फेवी क्विक के नाम पर नकली माल बेच रहे हैं। पुलिस टीम को दुकान से नकली फेवी क्विक के 41 बंडल बरामद हुए। दुकान मालिक सुमित गुप्ता को हिरासत में ले लिया गया। कलक्टरगंज पुलिस ने बताया कि भारी मात्रा में नकली फेवी क्विक बरामद की गई है।

## आज स्टार्टअप के गुर सीखेंगे छात्र

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विवि के सभी विभाग से जुड़े छात्र छात्राएं प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम से संबंध मेंटर्स व अन्य राजकीय एवं शासकीय विभागों के अधिकारी मौजूद करेंगे। सिडबी इन्नोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर आईआईटी कानपुर के अधिकारी भी मौजूद होंगे।

इसके अलावा सिडबी इन्नोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर, आईआईटी कानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो अंकुश शर्मा भी मौजूद रहेंगे। संयुक्त निदेशक उद्योग निदेशालय सुनील कुमार, सेंट्रल पल्प एंड पेपर रिसर्च इंस्टीट्यूट सहारनपुर के निदेशक मनोज कुमार गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

# पुलिस को चकमा देकर गैंगस्टर शाहिद पिच्चा ने किया सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कुख्यात पिच्चा ने एसीजे तीन की कोर्ट में दोपहर में किया आत्मसमर्पण
- साथी अन्नू पिस्टल ने भी कोर्ट में दाखिल की सरेंडर याचिका



शाहिद पिच्चा।

**अमृत विचार।** गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी शाहिद पिच्चा ने क्राइम ब्रांच व पुलिस को चकमा देकर अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन (एसीजे) तीन की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसके खिलाफ कर्नलगंज थाने में गाली-गलौज व धमकाने के मामले में वारंट जारी था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। अब पुलिस गैंगस्टर समेत अन्य मामलों का भी तामीला कराएगी।

चमनगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर शाहिद पिच्चा ने वर्ष 2021 में बेकनगंज निवासी अपराधी शबलू गिरोह के शातिर शुभान रायनी की गोली मार कर हत्या की थी। सीओडी पुल के नीचे रेलबाजार पुलिस ने घेराबंदी की तो शाहिद पिच्चा, अनस उर्फ अन्नू पिस्टल व मोहम्मद लारेब ने फायरिंग कर दी थी। रेलबाजार पुलिस ने शाहिद व उसके साथियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी, जिसके बाद से आरोपी फरार थे। बीते बुधवार को शाहिद के गुर्गा मो. लारेब ने गैंगस्टर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद से क्राइम ब्रांच, डीसीपी पूर्वी व सेंट्रल समेत कई थानों की पुलिस ने शाहिद पिच्चा की तलाश में थीं। शुक्रवार सुबह पुलिस की कई टीमें कचहरी परिसर के आस-पास अलर्ट थीं लेकिन पिच्चा ने अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन नवनीत कुमार सिंह की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

शाहिद पिच्चा के खिलाफ विभिन्न थानों में 40 से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। अन्य फरार आरोपी अन्नू पिस्टल ने गैंगस्टर कोर्ट में सरेंडर याचिका दाखिल की। कोर्ट ने रेलबाजार पुलिस से 29 अप्रैल को मामले में रिपोर्ट मांगी है।



ऑपरेशन के दौरान मौजूद डॉ.सीमा द्विवेदी समेत अन्य। अमृत विचार

# पांच किलो का ट्यूमर निकाल बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक साल से महिला पेट में ट्यूमर से थी पीड़ित
- जच्चा-बच्चा अस्पताल में किया गया ऑपरेशन

**अमृत विचार।** हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में एक महिला का डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर पेट से पांच किलो का ट्यूमर निकालकर उसकी जान बचाई। महिला एक साल से पेट दर्द से परेशान थी।


मऊ निवासी 45 वर्षीय महिला ने कुछ अस्पतालों में जांच व इलाज कराया। जांच में ट्यूमर होने की जानकारी मिली। परिजन महिला को लेकर हैलट के स्त्री एवं प्रसूति विभाग पहुंचे, यहां पर डॉ.सीमा द्विवेदी ने जांच कराई तो पता चला कि बच्चेदानी की तरफ पांच किलो का ट्यूमर है। डॉ.सीमा द्विवेदी ने डॉ. प्रतिमा, डॉ.श्रुति, डॉ. मोनिका व डॉ आनंद ने ऑपरेशन कर महिला की जान बचाई। डॉ. सीमा द्विवेदी ने बताया कि कुछ वर्षों से गर्भाशय में रसौली की समस्या महिलाओं में बढ़ी है। माहवारी की अधिकता, पेट में दर्द, भारीपन, पेट का बढ़ना आदि लक्षण होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**दिक्कत** — लघु उद्योग भारती से जुड़े उद्योगपतियों ने उठाई आवाज

# गलत बिजली बिल से कारोबारी हैं परेशान

**कानपुर।** शहर के उद्यमी बिजली बिल की त्रुटियों से परेशान हो रहे हैं। दो-तीन महीने से वे लोग ज्यादा बिल आने से दिक्कत में हैं। बिल को ठीक कराने के लिए दौड़ाया जाता है। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। कारोबारियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे लोग केस्को को ज्ञापन दे चुके हैं पर सुनवाई नहीं हो सकी है। बिजली विभाग ने सॉफ्टवेयर की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया है। उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

### ऑनलाइन पेमेंट नहीं हो पा रहा



कारोबारियों ने बताया कि बिल का ऑनलाइन भुगतान नहीं हो पा रहा है। कारोबारियों ने केस्को को सुझाव दिया कि बिजली विभाग डिवीजन स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए जिससे समस्या का समाधान जल्द हो सके।

### नहीं जनरेट हो रहे बिल

- कारोबारियों ने बताया कि जिनके यहां पर सोलर प्लांट लगे हुए हैं उनके यहां पर बिजली के बिल जनरेट नहीं हो पा रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी सॉफ्टवेयर की समस्या की बात कहते हैं। कारोबारी सोलर पैनल से उपयोग होने वाली बिजली का हिसाब ही नहीं रख पा रहे हैं।

### सॉफ्टवेयर में करें सुधार

- लघु उद्योग भारती से जुड़े कारोबारियों ने हाल ही में इन समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की थी। अधिकारियों ने यह समस्याएं सॉफ्टवेयर की वजह से होना बताया था। लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका। कारोबारियों ने सॉफ्टवेयर में सुधार करने की मांग उठाई है।



> तीन महीने से उद्योग जगत से जुड़े लोग बिजली बिल की समस्या से परेशान हैं। केस्को को ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई है। समझ नहीं आ रहा है कि कारोबार किया जाए या बिल संबंधी समस्याओं को लेकर दौड़भाग की जाए।
>
> **-हरेन्द्र मुरजानी, प्रदेश उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती**



> केस्को अधिकारियों से बातचीत हो चुकी है। इसके बावजूद भी कोई सुनवाई अब तक नहीं हुई है। बिजली व बिल की समस्या बढ़ती जा रही है।
>
> **-लाडली प्रसाद, संयोजक, लघु उद्योग भारती**

# गड्ढा भरने के विवाद में युवक ने की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता की कार को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त किया
- रावतपुर थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में कंपनी के ठेकेदार ने गड्ढा खोदकर छोड़ दिया। लोगों ने रामनवमी शोभायात्रा की बात करते हुए इसे भरने के लिए कहा। जिस पर वहां क्षेत्र का एक युवक नशे में आया और गालीगलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने वाले भाजपा नेता की कार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

केशव नगर निवासी शैंकी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह रावतपुर गांव व्यापार मंडल के निर्वाचित महामंत्री के साथ-साथ अधिवक्ता व भाजपा नेता हैं। बताया कि इलाके में एक कंपनी के ठेकेदार ने नवरात्र की अष्टमी में घर के बगल में गड्ढा किया था। दूसरे दिन रामनवमी की शोभायात्रा निकलनी थी। इस कारण इलाके के लोगों के अनुरोध पर ठेकेदार को बुलाकर वार्ता की गई और गड्ढे को भरने के लिए कहा गया। ठेकेदार ने सुबह छह बजे गड्ढा भरने को कहा जिस पर वह लोग सहमत हो गए। इस दौरान वहां पास में खड़ा इलाकाई निवासी विशाल राय नशे में धुत होकर डंडा लेकर आया और बोला गड्ढा नहीं भरा जाएगा। विरोध किया तो गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। बगल में रहने वाली अजय शर्मा की पत्नी से भिड़ गया। थोड़ी देर बाद धारदार हथियार लेकर आ गया और अपना हाथ काट लिया। पुलिस को सूचना दी गई। बताया कि 16 अप्रैल को रात करीब 1:35 पर दरवाजे पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए चार पहिया गाड़ी को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

## 11 बंडल सरिया चोरी, रिपोर्ट

**कानपुर।** सरोजनी नगर निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका हनुमान पार्क कौशलपुरी में फ्लैट का निर्माण कार्य चल रहा है। 25 अप्रैल को चोरों ने फ्लैट मे रखी 11 बंडल सरिया चोरी कर ली। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# अग्निशमन विभाग: संसाधन कम, हादसों से नाक में दम

कानपुर। संसाधनों के अभाव से जूझ रहे दमकल विभाग के सामने गर्मी का मौसम अग्निपरीक्षा बन कर सामने आ रहा है। कमिश्नरेट के रोजाना अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग भड़क रही है। दमकलकर्मियों के सामने सबसे बड़ी समस्या त्वरित पानी मुहैया कराने की आ रही है क्योंकि शहर में हाईड्रेंट प्वाइंट या तो खराब पड़े हैं या फिर सड़क निर्माण आदि की जद में आ चुके हैं। दमकल विभाग के अनुसार महानगर के अंदर कई हाईड्रेंट प्वाइंट बनाए गए थे, इनमें से अधिकतर विलुप्त हो गए हैं या खराब हो चुके हैं। दमकल विभाग में कर्मचारियों का भी अभाव है। अग्निशमन विभाग के पास उपकरण ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इस कारण लाखों की आबादी ईश्वर भरोसे रहती है। हर बार लखनऊ में बैठे अधिकारी जल्द नई गाड़ियां देने का आश्वासन देते हैं, लेकिन वह भी केवल एक जुमलेबाजी है। कम संसाधन और भरपूर चुनौतियों के बीच अग्निश्मन की अग्निपरीक्षा शुरू हो गई है। इस मुद्दे पर सीएफओ दीपक शर्मा से अमृत विचार की बातचीत।

साक्षात्कार


सीएफओ दीपक शर्मा। अमृत विचार

**2023** में आग की 1650 घटनाएं, 2024 में 400


जूही में आग बुझाते अग्निशमन कर्मी। (फाइल फोटो)

**● शहर में कुल कितने हाइड्रेंट पॉइंट हैं?**
-पहले शहर में कई हाइड्रेंट पॉइंट थे। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान ज्यादातर उसकी जद में आ गए। जो कुछ बचे भी हैं, वह सब खराब पड़े हैं।

**● शहर में कुल कितने फायर टेंडर हैं?**
-शहर में कुल 18 फायर टेंडर हैं। आबादी के हिसाब से बढ़ना चाहिए। विभाग को इसके लिए लिखित पत्र दिया गया है। उम्मीद है कि और फायर टेंडर मिलेंगे।

**● कुल कितने दमकलकर्मी हैं?**
-हमारे पास कुल 264 दमकल कर्मचारी हैं। जिसमें अधिकारी भी शामिल हैं। कर्मचारियों का काफी अभाव है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संख्या दो है। अन्य कर्मचारी भी इनका काम करते हैं।

**● शहर में पानी प्राप्त करने के स्रोत क्या हैं?**
-मीरपुर स्टेशन में 200 टैंकर पानी भरने की व्यवस्था है। लेकिन आपातकालीन स्थिति में जेड स्क्वायर, साउथ एक्स मॉल, आरएसपीएल, गंगाबैराज, मेट्रो समेत कई स्थानों से पानी लिया जाता है।

**● तंग गालियों में आग बुझाने के क्या बंदोबस्त हैं?**
-तंग गलियों में बसे बाजारों में दुकानदार सुरक्षा उपकरण जरूर रखें। अग्निशमन की टीम जांच कर रही है। तंग गलियों में आग लगने पर उनके पास पांच बोलेरो हाईप्रेशर गाड़ियां हैं। आग विकराल रूप लेती है तो उन्हें हौस पाइप की मदद लेनी पड़ती है।

**● शहरवासियों से क्या अपील है?**
-शहरवासी इलेक्ट्रिकल ऑडिट जरूर कराएं। घर से निकलने से पहले सिलेंडर रेगुलेटर से बंद कर दें। बाहर जाने पर घर के सभी उपकरण बंद करके निकलें। गर्मी में ज्यादा हीट होने के कारण शार्ट सर्किट हो जाता है। लोग अपने घर में आग से सुरक्षा उपकरण जरूर रखें।

**● आग लगने का प्रमुख कारण क्या है?**
-अचानक तापमान में वृद्धि हुई है। गर्मी के मौसम में लोड अचानक बढ़ जाता है। हर घर में एसी, कूलर व पंखे चलना आम बात है। शहर में तो लोड के कारण तार हीट होने लगते हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में किसान बीडी, सिगरेट पीकर फेंक देते हैं। जिससे आग लगती है।

**● ऊंची इमारतों में आग पर कैसे काबू पाएंगे?**
-इटली से सात करोड़ रुपये की हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी मंगाकर 16 जनवरी वर्ष 2015 को विभाग को सौंपी गई थी। वह खराब पड़ी है। पिछले वर्ष मई में 30 लाख की लागत से उसे ठीक कराया गया था। लेकिन सीढ़ियों में आई तकनीकी दिक्कत से वह फिर से खराब खड़ी है। मरम्मत के लिए मुख्यालय में पत्राचार किया गया। बड़ी घटना होने पर दूसरे शहर से हाईड्रोलिक को मंगाया जाएगा।

**● दो वर्षों में कितनी आग की घटनाएं हुई?**
-वर्ष 2023 में आग की 1650 घटनाएं हुईं। 400 से ज्यादा इंसानों और 600 से ज्यादा जानवरों की जानें बचाईं। वहीं वर्ष 2024 में अब तक 400 से ज्यादा आग पर काबू पाया। 350 से ज्यादा लोगो की जानें बचाईं हैं। किसी भी अग्निकांड में जनहानि नहीं होने दी।

- लाखों की आबादी में आग बुझाने के इंतजाम हैं कम
- जिले के पास मात्र 187 फायरमैन व 18 फायर टेंडर
- हेडक्वार्टर को भेजी गई है संसांधन बढ़ाने की मांग

### वॉकी टॉकी से जोड़ा गया विभाग

कानपुर। सूचनातंत्र को मजबूत करते हुए कानपुर का फायर विभाग वॉकी-टॉकी से जुड़ गया है। हेडक्वार्टर की तरफ से विभाग को 40 कम्युनिकेशन सेट्स दिए गए हैं। इसकी मदद से क्विक रिस्पांस और कम्युनिकेशन गैप को खत्म करते हुए दमकल कर्मी रीयल टाइम रेस्क्यू और हर पल की जानकारी दे सकेंगे। जल्द ही व्यवस्था से पूरे महकमे को जोड़ा जाएगा।

## शहर के फायर स्टेशनों में दमकल व संसाधन

### 1-लाटूश रोड फायर स्टेशन
एमएफई-25 सौ लीटर की क्षमता की दो गाड़ियां
हाईप्रेशर-4 सौ लीटर की क्षमता की एक गाड़ी
पंप- 2 रेस्क्यू वैन-1

### 2-कर्नलगंज फायर स्टेशन
एमएफई-25 सौ लीटर क्षमता की दो गाड़ियां
**वाटर बाउजर**-8 हजार लीटर की क्षमता का एक फायर टेंडर
**हाईप्रेशर**-4 सौ लीटर की क्षमता की एक गाड़ी
जेटीवी-2, पंप-2, रेस्क्यू वैन-1

### 3-जाजमऊ फायर स्टेशन
**एमएफई**- 45 सौ लीटर क्षमता की दो गाडियां
**फोम टेंडर**-45 सौ लीटर क्षमता की एक गाड़ी
**हाईप्रेशर**-4 सौ लीटर क्षमता की एक गाड़ी
पंप-1, रेस्क्यू वैन 1

### 4-फजलगंज फायर स्टेशन
**एमएफई**-2 हजार लीटर की एक गाड़ी,
-45 सौ लीटर की एक गाड़ी
फोम टेंडर-2
**वाटर बाउजर**- 8 हजार व 12 हजार-लीटर की क्षमता वाले पंप
**हाईड्रोलिक प्लेटफार्म**-42 मीटर ऊंचाई वाली एक गाड़ी
**एंबुलेंस**-2, बोलेरो-2, ट्राली-1

### 5-मीरपुर फायर स्टेशन
**एमएफई**-45 सौ लीटर की क्षमता की दो गाड़ियां
**वाटर बाउजर**-8 हजार लीटर क्षमता की एक गाड़ी
**हाईप्रेशर**-4 सौ लीटर क्षमता की एक गाड़ी
पंप-2, एंबुलेंस-2

# कई स्थानों पर आग, हजारों का नुकसान

## पांच थाना क्षेत्रों में उठीं लपटें, दिनभर दौड़ती रहीं दमकल गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आग को बुझाते दमकल कर्मी।

**अमृत विचार।** शहर में शुक्रवार भी पांच अलग-अलग थानाक्षेत्रों में आग की घटनाएं हुईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से हजारों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया।

चकेरी के कोयला नगर चौकी के पास खाली प्लॉट में पुलिस के जब्त वाहन खड़े थे। शुक्रवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में वाहनों में आग लग गई। मौके पर जाजमऊ फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पाया। वहां खड़े तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। वहीं, नजीराबाद थानाक्षेत्र में शुक्रवार को परचून की दुकान पर आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इसी तरह छावनी थानाक्षेत्र में कैंट ब्रिगेड हेडक्वार्टर के पास झाड़ियों में भीषण आग लग गई। दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझा दिया। पनकी थानाक्षेत्र में इस्पात नगर में खाली प्लॉट में आग लग गई। आईटीबीपी कालोनी हाइवे किनारे दुकान के ट्टर और पेड़ में आग लगी। नवाबगंज थानाक्षेत्र में सीएसए के अंदर जंगल में आग लगने से हड़कंप मच गया।

# शॉर्ट सर्किट से बेकरी में लगी आग, सामान खाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● यशोदा नगर की बेकरी में गुरुवार देर रात हादसा**

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात शार्ट सर्किट से बेकरी दुकान में आग लग गई। थोड़ी ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। इलाकाई लोगों की सूचना पर किदवई नगर व मीरपुर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां पहुंची और एक घंटे बाद आग पर काबू पाया।

यशोदा नगर सी ब्लॉक निवासी रुस्तम अली की क्षेत्र में ही बेकरी की दुकान है। रुस्तम ने बताया कि रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। देर रात दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कुछ ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें बाहर निकलने लगीं। इससे आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। इलाकाई लोगों ने आग बढ़ते देखकर बेकरी संचालक व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद किदवई नगर व मीरपुर फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे के बाद फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया। बेकरी संचालक ने बताया कि पूरा सामान खाक हो गया।

# अर्थिंग के लिए गड्ढा खोदने पर मारपीट, नौ घायल

**कानपुर।** शुक्रवार रात चमनगंज थाना क्षेत्र में अर्थिंग के लिए गड्ढा खोदवाने को लेकर किराएदार और मकान मालिक के बीच जमकर मारपीट हो गई। नौ लोग घायल हो गए।

नाला रोड निवासी अधिवक्ता शाहिद हसन के मकान में बनी दुकान गुलजार हसन ने किराए पर ले रखी है। दोनों के बीच दुकान खाली कराने को लेकर विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में है। थाना प्रभारी मो. हामिद ने बताया कि गुलजार दुकान के सामने ही अर्थिंग के लिए गड्ढा खोदवा रहे थे। शाहिद ने विरोध किया। दोनों पक्षों के लोग आ गए और मारपीट हुई। इसमें हसन आरिफ, रिजवान हस, रासीद हसन, सईद हसन, मोबिन, असतन, नसीम हसन मेराज हसन घायल हो गए।

## सार-संक्षेप


भिक्षा मांगने निकले बटुक। अमृत विचार

### जेके मंदिर में प्रशिक्षुओं का सामूहिक यज्ञोपवित

**कानपुर।** श्री राधा-कृष्ण टेंपल ट्रस्ट (जेके मंदिर) सनातन धर्म के आधार पर वेदों का संरक्षण, वेद अध्ययन व वेद पठन पाठन को प्रोत्साहित करता है। इसी उद्देश्य से मंदिर परिसर में निशुल्क आवासीय गुरुकुल (श्री राधा-कृष्ण वेद विद्यालय) की व्यवस्था प्रबंधन ने की है, जहां यजुर्वेद का पठन पाठन किया जाता है। वेद शिक्षा शुरू करने से पहले प्रशिक्षुओं का यज्ञोपवीत किया जाता है। इसी क्रम में शुक्रवार को गुरुकुल प्रशिक्षुओं का वैदिक रीति से आचार्यों ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराया। यज्ञोपवीत कार्यक्रम सुबह आठ बजे से गणेश पूजन के साथ शुरू हुआ। उसके बाद नवग्रह पूजन, सप्तघृत मातृ पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, दंड धारण, यज्ञोपवीत धारण, हवन, गुरु मंत्र संस्कार, भिक्षा गमन और आखिर में काशी गमन के साथ यज्ञोपवीत संस्कार का समापन हुआ। इस मौके पर आचार्यों ने कहा कि वेद प्राचीन पवित्र ग्रंथ हैं। प्राचीन काल से भारत में वेदों के अध्ययन की परंपरा रही है। वैदिक सनातन धर्म के अनुसार वैदिक काल में वेदव्यास, ऋषि-मुनियों और दार्शनिकों ने प्रमाण के रूप में वेदों को ही माना है और उसी आधार पर ग्रंथों का निर्माण भी किया है।

### समाचार पत्र वितरक को पत्नी शोक


अंजू गुप्ता।

**कानपुर।** रामादेवी के वरिष्ठ पत्र वितरक सुरेश गुप्ता की पत्नी अंजू गुप्ता का 47 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार सिद्धनाथ घाट पर हुआ। अंजू गुप्ता अपने पीछे दो पुत्रीं आकांक्षा गुप्ता और प्रियंका गुप्ता को छोड़ गई हैं। दोनों पुत्रियों ने भी माता को अग्नि दी। अंजू गुप्ता की आकस्मिक मृत्यु के कारण समाचार पत्र वितरक समाज में शोक है। अंतिम संस्कार में समाचार पत्र वितरक और प्रेस संस्थाओं के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आयकर की बारीकियों पर चर्चा

**कानपुर।** केसीएएस सीपीई स्टडी सर्किल ऑफ सीआईआरसी ऑफ आइसीएआई की ओर से 'आयकर अधिनियम के तहत प्रथम अपील और संबंधित वैधानिकताएं' विषय पर हुई कार्यशाला में आयकर संबंधी बारीकियों पर चर्चा की गई। संस्था के संयोजक सीए अभिलाष बाजपेई ने विषय से परिचय कराया। इसी तरह सत्र के अध्यक्ष और सीए यूएस गुप्ता ने बताया कि फेसलेस असेसमेंट योजना को चार साल पहले मानवीय संपर्क को कम करने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सबसे बड़े प्रत्यक्ष कर सुधार के रूप में पेश किया गया था। कुछ समय बाद ही यह पाया गया कि योजना में कुछ व्यवहारिक दिक्कत का सामना व्यापारी को करना पड़ता है।

# आज से दो दिवसीय सम्मेलन

कार्यालय संवादाता, कानपुर


सम्मेलन की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कानपुर और मॉडर्न स्कूल ऑफ बिजनेस एंड साइंसेज, मस्कट, ओमान के सहयोग से 27 और 28 अप्रैल को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। 'आधुनिक विज्ञान और शिक्षा-नए नवाचार और विकास' विषय पर होने वाले इस सम्मेलन में व्यवसाय प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता विषयों पर भी चर्चा होगी। इस सम्मेलन में लगभग 450 से अधिक छात्र, अनुसंधान विद्वान, संकाय सदस्य और विशेषज्ञ विचार रखेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को एलेनहॉउस इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की निदेशिका प्रबंधन प्रो डॉ शिवानी कपूर, निदेशिका प्रशासन डॉ रूबी चावला, निदेशक डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ अतुल चतुर्वेदी, डॉ देव सिंह, डॉ वरुण शुक्ला, व सौरभ शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि सममेलन में महत्वपूर्ण अतिथियों में डॉ. सौज़ान हन्नावी, सोहर विश्वविद्यालय, ओमान, मरियम सईद हमाद, सोहर विश्वविद्यालय, ओमान; और बिशेश्वर आचार्य, नॉवेल अकादमी पोखरा, नेपाल, मुख्तारुल अमीन, चेयरमैन, सुपरहॉउस ग्रुप, कानपुर और जावेद हाशमी, संयुक्त सचिव सुपरहॉउस एजुकेशन फाउंडेशन शामिल होंगे।

**● विज्ञान और शिक्षा व नवाचार पर होगी चर्चा**

# 23 मई तक होगा रजिस्ट्रेशन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू स्थित यूआईटी में संचालित बीटेक पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष के प्रवेश के लिए काउंसलिंग के प्रथम चरण का रजिस्ट्रेशन 25 अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो चुका है। काउंसलिंग के प्रथम चरण में पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 मई है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://applications.csjmu.ac.in/btech2024/register.php पर आवेदन कर सकते हैं। बीटेक पाठ्यक्रम के 6 ब्रांचो की 429 सीटों पर प्रवेश आईआईटी जेईई मेंस की रैंक के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से होगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होंने आईआईटी जेईई मेंस का एग्जाम दिया है काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# जुर्माना अदा किए बगैर ले गए थाने से बस

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**● सचेंडी थानाक्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच**
**● चालक और मालिक के खिलाफ रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** सचेंडी थाने में बस मालिक व चालक बिना जुर्माना अदा किए बगैर थाने में खड़ी बस लेकर चले गए। इस मामले में मालकर अधिकारी ने चालक व मालिक के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संभागीय परिवहन विभाग के यात्री मालकर अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को उन्होंने चेकिंग के दौरान एक बस पकड़ी थी। जिसका चालक मौके पर बस से जुड़े कागजात नहीं दिखा सका।

इस पर उन्होंने बस का चालान करके उसे सचेंडी थाना में खड़ा करा दिया। बस की निगरानी का जिम्मा बस चालक को सौंपा था। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक और चालक की मिलीभगत परिवहन कार्यालय में बिना जुर्माना जमा कराए बस को थाने से ले गए। थाना प्रभारी ने बताया यात्री मालकर अधिकारी की तहरीर पर शांति नगर शिवपुरी, मध्य प्रदेश बस मालिक मुकेश शर्मा व पिचौर शिवपुरी निवासी चालक बृजेश के खिलाफ चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**कोर्ट-कचहरी** पत्नी ने वर्ष 2007 में पति के खिलाफ दर्ज कराया था दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

# आधार न बता पाने पर कोर्ट ने खारिज किया दहेज का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● 50 हजार रुपये नकदी व बाइक मांगने का था आरोप**

**अमृत विचार।** दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा कर पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा पारिवार न्यायालय ने खारिज कर दिया। वादिनी कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर पाईं कि उन्हें किस आधार पर तलाक चाहिए।

ओमनगर, दर्शनपुरवा निवासी रविशंकर गुप्ता का विवाह वर्ष 2006 में कछियाना मोहाल निवासी ज्योति गुप्ता के साथ हुआ था। ज्योति ने बताया कि पति व ससुरालीजन दहेज में 50 हजार रुपये व मोटर साइकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सुसरालीजन उसे विदा करने में आनाकानी करने लगे। उसका सारा जेवर छीन लिया। पीड़िता का आरोप था कि पति उसे कमरे में बंधक बना कर रखते थे। ज्योति ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ वर्ष 2007 में दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवार न्यायालय शिखा रानी जायसवाल की कोर्ट में विचाराधीन था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुधीर बाजपेई ने बताया कि ससुरालीजनों की ओर से की मारपीट, क्रूरता सिद्ध करने में पीड़िता असफल रही। साथ ही कोर्ट किस आधार पर उन्हें तलाक दें यह स्पष्ट नहीं कर सकी। कोर्ट ने वाद निरस्त करने के आदेश दिए।

### पीठासीन अधिकारी अवकाश पर, नहीं हो सकी सुनवाई

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को अदालत के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 7 मई की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने हमला कर दिया था। घटना में आठ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अदालत के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी है।

### बिकरू कांड: रिचा दुबे मामले की सुनवाई अब 24 मई को



**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे पर दूसरे की आईडी से लिए गए सिम का प्रयोग करने का मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को रिचा दुबे के कोर्ट उपस्थित न होने पर बचाव पक्ष ने हाजरी माफी दी। अब कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 24 मई की तिथि निर्धारित की है।चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने विकास दुबे की पत्नी रिचा दुबे सहित सात आरोपियों पर दूसरे की आईडी से लिए गए सिमकार्ड का प्रयोग करने का मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई सीजेएम अलंकृता शक्ति त्रिपाठी की अदालत में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सी पी शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को रिचा दुबे की ओर से हाजिरी माफीनामा कोर्ट में दिया गया। अब कोर्ट ने मामले की सुनवाई को 24 मई की तिथि नियत की है।

### बलवंत हत्याकांड में सुनवाई टली अगली तारीख 9 मई

कानपुर देहात। बलवंत हत्याकांड मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 9 मई की तिथि नियत की है। शिवली के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज उनके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार को अदालत की पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण मामले की सुनवाई नहीं हुई है। अब अदालत ने सुनवाई के लिए 9 मई की तिथि नियत की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0- मोहल्ला- देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- AKBAR NAGAR NAWABGANJ, BARABANKI**

**सूचना**
सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व छुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय,निवासी- ग्राम अमिलिया कला, पो0-रामनगर जिला-सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अत: पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **-बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी-ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला- अम्बेडकरनगर**

## एक नजर

### आज मीनाक्षी लेखी, कल अमित शाह आएंगे

**कानपुर।** शनिवार को केंद्रीय सांस्कृतिक एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी साकेत नगर में महिला मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करने आएंगी। रविवार को गृहमंत्री अमित शाह पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने शहर आएंगे। मीनाक्षी लेखी दोपहर 12 बजे साकेत नगर स्थित होटल मंदाकिनी रॉयल में भाजपा महिला मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करेंगी। मीनाक्षी लेखी, राज्यसभा सदस्य संजय सेठ शाम चार बजे मर्चेंट चेंबर हाल में व्यापारी सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। वहीं, गृहमंत्री 28 अप्रैल की शाम को कानपुर आ रहे हैं। वे तिलकनगर स्थित होटल विजय कॉन्टिनेंटल में चुनाव संबंधित बैठक लेंगे। इस संबंध में पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी मोहित पाण्डेय एवं उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय ने नवीन मार्केट स्थित जिला कार्यालय में बैठक की। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि अमित शाह कानपुर, बुंदेलखंड और अवध क्षेत्र की लोकसभा सीटों की बैठक लेंगे।

### 11 से 13 तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**कानपुर।** 11 मई की शाम छह बजे से मतदान के दिन 13 मई की शाम छह बजे तक सभी प्रकार की शराब की दुकानें जिले में बंद रहेंगी। इसी तरह चार जून को मतगणना के पूरे दिन या मतगणना समाप्त होने तक दुकानें बंद रहेंगी। 20 मई को जिले के सीमावर्ती जिलों में मतदान होना है। 18 मई की शाम छह बजे से 20 मई की शाम छह बजे तक सीमा से आठ किमी दायरे में सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आबकारी विभाग को दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के आदेश दिए हैं।

### सपा सरकार में श्रमिकों के हित में काम हुए थे

**कानपुर।** सपा कार्यालय में शुक्रवार को पदाधिकारियों ने शिवाला, हरबंस मोहाल, परमट, कलेक्टरगंज, दानाखोरी, पटकापुर, माहेश्वरी मोहाल व चटाई मोहाल के श्रमिकों के साथ बैठक की। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा सरकार में निर्माण श्रमिक व कामगार मजदूर को श्रम विभाग से साइकिलें दी गई थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किए वादे पूरे कर मतदाताओं के विश्वास को जीता। अपने चुनावी घोषणा पत्र में श्रमिकों से किए वादों सरकार बनते ही पूरा करने का संदेश दिया है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ल, हाजी अयूब आलम, सत्यनारायण गहरवार, महेन्द्र सिह, संजय निषाद, राकेश पांडेय, सुलेखा यादव, विनोद पांडेय आदि रहे।

## पत्तों पर चित्रकारी कर वोट डालने की अपील



ऑक्सफोर्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्याम नगर की छात्राओं ने पत्तों पर चित्रकारी उकेर कर मतदाताओं को जागरूक किया। उनसे अपने मताधिकार का प्रयोग कर 13 मई को वोट डालने की अपील की। अमृत विचार

# फैसिलिटेशन केंद्र में कार्मिकों का पोस्टल बैलेट से मतदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों के पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथियां निर्धारित हो गई हैं। कार्मिक तीन से सात मई के बीच रावतपुर स्थित पॉलीटेक्निक में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पॉलीटेक्निक में तीन फैसिलिटेशन केंद्र बनाए गए हैं। यहां कानपुर, अकबरपुर व मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के कार्मिक पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे। मिश्रिख के वही कार्मिक मतदान करेंगे जो बिल्हौर क्षेत्र के हैं।

वह कार्मिक जो संसदीय क्षेत्र के मतदाता हैं और चुनाव ड्यूटी में शहर या दूसरे जनपदों में तैनात हैं, मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण वोट नहीं डाल सकते हैं ऐसे कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। रावतपुर स्थित पॉलीटेक्निक संस्थान में फैसिलिटेशन केंद्र बनाया गया है, जहां संसदीय सीट के लिए निर्धारित मतदान तिथि से पहले कार्मिक अपना मताधिकार कर सकते हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि तीन से सात मई तक कार्मिकों का मतदान होगा। 13 मई को होने वाले मतदान की तरह ही कार्मिकों के पोस्टल बैलेट से मतदान की भी व्यवस्था की गई है। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पॉलीटेक्निक में कानपुर, अकबरपुर व मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के लिए तीन फैसिलिटेशन केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कुल पोलिंग पार्टियों व पुलिस कार्मियों समेत अन्य कार्मिकों को मिलाकर करीब 20 हजार से अधिक कार्मिक चुनावी ड्यूटी में होंगे। उनमें जो सीट से मतदाता होंगे उनका ही फैसिलिटेशन केंद्र में वोट पड़ेगा। फिलहाल अंदाजा है करीब 15 हजार वोटिंग होगी।




- सुबह नौ से शाम पांच बजे तक होगी वोटिंग राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में बने तीन केंद्र
- मतदान के लिए तीन से सात मई निर्धारित की गई, मतदाताओं को मतदान से जुड़े प्रपत्र ले जाने होंगे


| | |
|---|---|
| कुल पोलिंग बूथ | 3614 |
| कुल पोलिंग सेंटर | 1411 |
| कुल पोलिंग पार्टियां | 3979 |

### पोस्टल बैलेट के लिए जरूरी प्रपत्र

- फैसिलिटेशन केंद्र पर मतदान के लिए कार्मिकों को अपने साथ जरूरी प्रपत्र भी ले जाने होंगे। जैसे स्व हस्ताक्षरित फार्म 12, वोटर आईडी, कार्यालय की आईडी, निर्वाचन ड्यूटी की फोटोकॉपी लेकर पहुंचना होगा।

### पोस्टल बैलेट के लिए पात्रता

- मतदान कार्मिकों में पीएसी, फायर ब्रिगेड, पुलिस कार्मिक, होमगार्ड और चुनाव कार्य में लगे अन्य कार्मिको को पोस्टल बैलेट से मतदान करने का अधिकार चुनाव आयोग ने दिया है। इसके अलावा इस बार 85 प्लस नागरिकों व विकलांगों को भी पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है। मगर यह तब लागू होता है जब वह स्वीकृति देंगे। जिन्होंने फार्म 12 के माध्यम से आवेदन किया होगा, उनका भी पोस्टल बैलेट से मतदान होगा, लेकिन उन्हें मतदान के लिए केंद्र पर नहीं पहुंचाना होगा।




# कानपुर सीट से 13, अकबरपुर से पांच नामांकन हुए निरस्त

## कलेक्ट्रेट के बाहर शाम तक बैठे रहे तमाम उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 18 से 25 अप्रैल तक हुए नामांकन में कानपुर सीट से कुल 24 उम्मीदवारों ने 40 नाकांकन कराए। वहीं अकबरपुर सीट से 15 उम्मीदवारों ने 28 नामांकन कराए। शुक्रवार 26 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रपत्रों की जांच की गई। जिसमें अकबरपुर सीट से पांच और कानपुर सीट से 13 नामांकन निरस्त हुए। प्रपत्रों में खामियां मिलने पर उम्मीदवारों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

नामांकन समाप्त होने के कारण कलेक्ट्रेट के पास से शुक्रवार को बैरियर गायब था। सिर्फ गेट पर ही पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुबह से ही कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रपत्रों की जांच का काम शुरू हो गया था। जैसे-जैसे प्रपत्रों की जांच आगे बढ़ी, खामियां मिलने पर फोन करके उम्मीदवार भी बुलाए गए। कलेक्ट्रेट गेट के बाहर शुक्रवार सुबह से शाम तक अनेक उम्मीदवार बैठे रहे। कई बार उन्हें अंदर भी जाना पड़ा। शाम को प्रपत्र निरस्त होने की सूचना पर कई उम्मीदवार मायूस होकर चले गए।

**कानपुर सीट से 11 प्रत्याशी** नामांकन पत्र निरस्त होने के बाद कानपुर सीट से 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से रमेश अवस्थी, इंडिया गठबंधन कांग्रेस से आलोक मिश्रा, बसपा से कुलदीप भदौरिया, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से प्रशस्त धीर, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से वालेंद्र कटियार, प्राउटिस्ट ब्लाक इंडिया से संजय सिंह और निर्दलीय अजय कुमार मिश्रा, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, मनोज कुमार हैं।

**कानपुर सीट के ये नामांकन निरस्त :** पंकज पटेल, प्रीति राठौर, संजय कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार, अरुण कुमार, जय प्रकाश पांडेय, मोहित कुमार साहू, रमेश चंद्र अवस्थी, राकेश सिंह गिहार, राजू भारती, सुभाष चंद्र, सुरेंद्र बाजपेई, डॉ. विजय नारायण पाल के नामांकन निरस्त।

### अकबरपुर सीट से 10 प्रत्याशी

- नामांकन पत्र निरस्त होने के बाद अकबरपुर सीट से 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से देवेंद्र सिंह उर्फ भोले सिंह, इंडिया गठबंधन सपा से राजाराम पाल, बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्रेश सिंह, राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी से रामगोपाल, राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी से विपिन कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमशीला, योगेश जायसवाल, राजाराम हैं।

### अकबरपुर के ये नामांकन निरस्त

- दिनेश कुमार पटेल, प्रदीप, कुलदीप कुशवाहा, रंजना दीक्षित और डॉ. विजय नारायण पाल।

## 15,219 कार्मिकों को दिया जाएगा द्वितीय प्रशिक्षण

**कानपुर।** पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय पॉलीटेक्निक में तीन से आठ मई तक मास्टर ट्रेनर देंगे। प्रशिक्षण के बाद एक दिन नौ मई को रिजर्व रखा गया है। जिसमें गैरहाजिर कार्मिक स्पष्टीकरण के बाद प्रशिक्षण ले सकते हैं। 15229 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना है।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण सुधीर कुमार ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय पॉलीटेक्निक में तीन से आठ मई तक होगा। किन्हीं परिस्थितियों में अगर कोई गैरहाजिर होता है या छूट जाता है तो उसे रिजर्व वाले दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण तीन पालियों में दिया जाएगा। हर पाली में 1000 कार्मिक होंगे।

प्रथम प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी (पीओ) और मतदान अधिकारी प्रथम (पी-वन) को शामिल किया गया था। द्वितीय प्रशिक्षण में पी-टू व पी-थ्री को भी शामिल किया गया है। पहली पाली सुबह नौ से 11 बजे तक, दूसरी पाली 12 से दो बजे तक, तीसरी पाली तीन से पांच बजे तक है। राजकीय पॉलीटेक्निक में फर्नीचर सहित प्रशिक्षण के लिए 25 कमरों का आवंटन किया जाना है।



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# सरकार बिना भेदभाव दे रही लाभः खन्ना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आर्यनगर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में पहुंचे मंत्री सुरेश खन्ना

**अमृत विचार।** आर्य नगर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में शहर पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा और कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में उनके नेता धर्म के नाम पर भ्रम फैलाने का काम करते थे। 2017 से पहले की सरकारों में कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए पैसा दिया जाता था, लेकिन श्मशान की बाउंड्री के लिए नेता पैसा देने को बार-बार सोचते थे। भाजपा सरकार में कोई भी योजना हो किसी से भी भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता फाइटर जेट विमान चलाने वाला है।

भाजपा कानपुर लोकसभा के अंतर्गत शुक्रवार क़ो आर्य नगर विधानसभा का बूथ अध्यक्षों का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन गोकुलधाम धर्मशाला सरसैया घाट में शाम छह बजे हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बूथ अध्यक्ष हमारी सबसे मजबूत कड़ी है। हमारी पूरी पार्टी बूथ अध्यक्ष और त्रिदेव पर आधारित है। बूथ नंबर 50, 100, 153, 165, 95 और बूथ नंबर 250 के बूथ अध्यक्षों से संवाद करते हुए उन्होंने कहाकि आप लोग अपने-अपने बूथों मे सभी मिलते रहें। लाभार्थी संपर्क अभियान के बारे में पर्ची वितरण के बारे में भी सभी कार्यों की जानकारी ली। सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथों पर निकालकर एक-एक घर की कुंडी खटखटाना है। भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करनी है।

जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि भाजपा का यहां बैठा एक-एक कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष हमारा त्रिदेव है। हमारा सभी जगह मोर्चा लेने वाला कार्यकर्ता है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायक अरुण पाठक, मनोज सिंह एडवोकेट, रमाकांत त्रिपाठी, मणिकांत जैन, प्रमोद त्रिपाठी, पूनम कपूर, विनोद शुक्ला रहे।


रमेश अवस्थी के लिए वोट मांगते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

### रमेश अवस्थी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को पनकी, आर्य नगर, जनरलगंज, सिविल लाइंस, सीसामऊ, कौशलपुरी समेत आदि क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया। जय श्रीराम के नारों के साथ समर्थकों ने सांसद प्रत्याशी रमेश अवस्थी का स्वागत किया। उन्होंने भाजपा सरकार द्वार जनता हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। अभियान में कई नए लोग उनसे मिले और कानपुर की एक ही हस्ती, रमेश अवस्थी-रमेश अवस्थी आदि नारे बुलंद किए। इस दौरान हर जाति, धर्म, वर्ग के लोग रमेश अवस्थी के साथ दिखे। बिरहना रोड में आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। गणेश जी की पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडे, गोविंदनगर विधायक सुरेंद्र मैथानी, भाजपा नेता सुरेश अवस्थी, भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, नारामऊ मंडल प्रभारी चंद्रमणि चौबे व क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल आदि मौजूद रहे।


कार्यकर्ता का सम्मान करते कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

### भाजपा विज्ञापनों में दर्शा रही झूठे वादेः आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस से प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने शुक्रवार को अर्मापुर स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री की गेट मीटिंग में शामिल हुए। दादा नगर में पूर्व अध्यक्ष आशुतोष सिंह के पिता को श्रद्धांजलि दी। उर्सला अस्पताल में आईसीयू देखा। केंद्रीय चुनाव कार्यालय में बैठक की। वार्ड 90, 76, 106, परमपुरवा, बर्रा विश्व बैंक, पनकी व ग्वालटोली समेत आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। कहा कि सरकार हर स्तर पर विफल है। अपनी नाकामी को छिपाने के लिए झूठे वादे विज्ञापनों में दर्शाएं जा रहे हैं। भाजपा के ऐसे दिन भी आएंगे कि कुछ उम्मीदवार टिकट मिलने से पहले कुछ और काम को ज्यादा जरूरी बताने का बहाना करके दावेदारी छोड़ देंगे। भाजपा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों के जरिए डरा-धमका कर पार्टी फंड वसूल रही है। इस दौरान केके तिवारी, बजरंगी उपाध्याय, कृष्णा शर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी महामंत्री हरीश गुप्ता, जयशंकर द्विवेदी, आर्यनगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, राजेंद्र दुबे, मोनू तिवारी, काले खान समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# सामान्य प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


- मीडिया व सोशल मीडिया सेल को निगरानी के दिए आदेश
- सी विजिल एप पर शिकायतें निस्तारित करने को कहा

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त कानपुर सीट से सामान्य प्रेक्षक डी रत्ना व अकबरपुर सीट की सामान्य प्रेक्षक डॉ कादंबरी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित शिकायत प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम), मीडिया सेल व सोशल मीडिया सेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सी विजिल एप व 1950 पर प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली। सी विजिल एप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। साथ ही कहा कि प्राप्त शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। मीडिया व सोशल मीडिया सेल के निरीक्षण में नोडल अधिकारियों और कार्मिकों से की जा रही निगरानी के बारे में जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि फेसबुक, ट्विटर एक्स, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों की लगातार निगरानी की जा रही है।

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए एमसीएमसी कमेटी प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर रही है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह, सीडीओ सुधीर कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी रिंकी जायसवाल आदि अधिकरी आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण करतीं प्रेक्षक डी रत्ना व डीएम राकेश सिंह। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाकर मांगा वोट

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने शुक्रवार को जवाहर नगर, नानकारी, महाराणा प्रताप एजुकेशन सेंटर शारदा नगर, नागेश्वर अपार्टमेंट केशव नगर समेत आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया और पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की कई उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अकबरपुर लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने संपर्क के दौरान समर्थकों से कहा है कि संपूर्ण भारत में जहां-जहां जिसके-जिसके भी मित्र, परिवार, रिश्तेदार मिलने वाले रहते हैं, उनसे किसी न किसी तरह संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करे। तभी पीएम नरेंद्र मोदी की कल्पना आपकी बार चार सौ पार सफल होगी। इस दौरान हरीश मतरेजा, पार्षद पवन गुप्ता, मनोज सिंह, शैलेंद्र भदौरिया, अनिल सिंह बाबा, निर्भय रेजा, बलबीर सिंह परिहार, रामअधार पासवान, पूर्व पार्षद आनंद त्रिवेदी, निर्मला मिश्रा व नमिता मिश्रा आदि रहे।

**सियासत** पीडीए के सम्मेलन करेगी सपा, ब्राह्मणों के लिए कांग्रेस की कमरा बैठकें, मई दिवस से मोर्चा संभालेंगी सुभाषिनी अली भी

# इंडिया गठबंधन ने रचा भाजपा का किला भेदने के लिए चक्रव्यूह

महेश शर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडी अलायन्स ने भाजपा का किला भेदने के लिए चक्रव्यूह रचना को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि समन्वय के अभाव में घटक दल यह कार्य अलग-अलग कर रहे हैं लेकिन लक्ष्य कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में डटे आलोक मिश्रा को लोकसभा भेजने का है। चक्रव्यूह में कांग्रेस के दो दिग्गज ब्राह्मणों पर फोकस करेंगे तो सपा ने जातीय और व्यापारी सम्मेलन के साथ ही वार्डवार जनसम्पर्क का कार्यक्रम बनाया है जो 11 मई तक चलेगा। मई दिवस (एक मई) पर गेट मीटिंगें और संपर्क कार्यक्रम दिनभर चलेंगे। माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य कानपुर की पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल एक मई से आलोक के समर्थन में मोर्चा संभालेंगी। उनकी केरल में चुनाव व्यस्तता खत्म हो गयी है। भाकपा राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप भी कानपुर में कैम्प करेंगे।


2014 और 2019 में कानपुर ने क्रमशः भाजपा के मुरली मनोहर जोशी और सत्यदेव पचौरी को चुनकर लोकसभा भेजा था। इस बार पचौरी का टिकट काटकर पार्टी ने रमेश अवस्थी पर दांव लगाया है। सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी इसे हलवा सीट मानते हैं। वह कहते हैं कि गठबंधन प्रत्याशी की जीत पक्की है।

### सपा का संगठन मजबूतः अमिताभ



अमिताभ वाजपेयी बताते हैं कि उनकी पार्टी का संगठन मजबूत है। जिलाध्यक्ष फजल महमूद चुनावी लिहाज से और मजबूत करते हुए जीत के फार्मूले पर चल रहे हैं। अमिताभ कहते हैं कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज के सम्मेलनों के साथ ही व्यापारियों और वैश्य समाज के सम्मेलन की योजना है। प्रत्याशी का रोज पार्कों में जनसम्पर्क कराया जाएगा। उनका कहना है कि सपा जीत के लिए जीजान से जुटी है।

### भूधर रिझाएंगे ब्राह्मणों को



कांग्रेस ने ब्राह्मण वोटरों को अपनी तरफ खींचने के लिए कमरा मीटिंगें शुरू कर दी हैं। कानपुर में करीब साढ़े पांच लाख वोटर हैं। इसके लिए कमरा मीटिंगें करके संपर्क साधने के जिम्मा पूर्व विधायक पंडित भूधरनारायण मिश्रा और नेकचंद पांडे और उनके विश्वस्त साथी सम्भाल रहे हैं। भूधर नारायण मिश्रा ने बताया कि ब्राह्मण भाजपा या किसी दल का वोट बैंक नहीं हैं। आलोक मिश्र कानपुर के ही रहने वाले कान्यकुब्ज ब्राह्मण हैं जबकि रमेश अवस्थी फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं। वे बाहरी हैं। ब्राह्मण एक बार फिर कांग्रेस की ओर लौटता दिख रहा है।

### सुभाषिनी संभालेंगी मोर्चा



मजदूर दिवस यानी मई दिवस से ट्रेड यूनियन लीडर माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य सुभाषिनी अली सहगल कानपुर में इंडी अलायन्स प्रत्याशी आलोक के चुनाव की कमान संभालेंगी। सुभाषिनी ने बताया कि चुनावी व्यस्तता के चलते वह कानपुर में शुरुआती बैठकें करके बाहर चली गईं थी। वह एक मई को लौटेंगी फिर चुनाव तक यहीं पर सक्रिय रहेंगी। पार्टी के नेता प्रताप साहनी बताते हैं माकपा के कैडर सक्रिय है। भाकपा के राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप भी कैम्प करेंगे।

# रैपुरा कांड: गांव से गायब युवक की तलाश तेज

फॉलोअप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव में मंगलवार की शाम युवती के लापता होने और फिर बुधवार की सुबह उसकी लाश मिलने के मामले में पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। इस बीच इस नया तथ्य उभरकर सामने आया है। बताते हैं कि वारदात वाले दिन से ही गांव का एक युवक भी गायब है, जिसके बारे में पुलिस पता लगाने की हर संभव कोशिश कर रही है।

सजेती थाने के रैपुरा गांव में मंगलवार की शाम लापता हुई रामगोपाल संखवार की 20 वर्षीय पुत्री रानी का बुधवार की सुबह घर से डेढ़ सौ मीटर दूर झाड़ियों में शव पड़ा मिलने के बाद पुलिस ने तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, युवती के मुंह और गले में चोटों के निशान थे। कपड़े भी फटे थे, जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि रेप के बाद हत्या की गई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुराचार की बात स्पष्ट नहीं हुई है, लेकिन आशंका के आधार पर स्लाइड तैयार की गई है।

तफ्तीश

- वारदात वाले दिन से ही लापता खंगार बिरादरी का युवक
- पुलिस ने भाई को हिरासत में लेकर की पूछताछ, फिर छोड़ा

युवती की सनसनीखेज हत्या के मामले में प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह के साथ डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल की जांच-पड़ताल की थी, लेकिन वारदात के तीन दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से विवेचना कर रही है।

इस बीच एक नया तथ्य उभरकर सामने आया है। बताते हैं कि मंगलवार की जिस रात युवती की हत्या हुई, उसी दिन से गांव का एक युवक भी गायब है। खंगार बिरादरी के इस युवक के बारे में पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस युवक के बारे में जानकारी करने के लिए पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की है, लेकिन कोई ठोस बात निकलकर सामने नहीं आई। सजेती थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने पूछताछ की पुष्टि करते हुए कहा कि उसे हिरासत में नहीं लिया गया, बल्कि पूछताछ के लिए उसे बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

### युवक के परिवार वाले पूरी तरह खामोश

युवक के तीन दिन से गायब होने के बाद भी परिवार पूरी तरह खामोश है। परिवार ने न तो अभी तक पुलिस को उसके लापता होने के बारे में कोई लिखित सूचना दी है और न ही मीडिया से कुछ बात करने को तैयार है। दरअसल, परिवार को इस बात की आशंका है कि अगर पुलिस को उसके गायब होने के बारे में सूचना दी गई तो उसे युवती के हत्या के मामले में जोड़ा जा सकता है। दूसरी तरफ उसका कोई सुराग नहीं लगने से परिवार परेशान भी है।

### 'अंगौछा' का रहस्य अभी बरकरार

छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक अंगौछा बरामद हुआ था, जो हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एक अहम कड़ी है। पुलिस इस अंगौछा की तस्दीक करने में जुटी है। प्रारंभिक छानबीन में यह अंगौछा युवती के ही एक पारिवारिक सदस्य का होने की बात सामने आ रही है, लेकिन अभी तक इसकी तस्दीक नहीं हो सकी है। एक अहम क्लू और है। बताते हैं कि युवती के हाथ में कुछ बाल मिले हैं, जिन्हें फोरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में लिया है। पुलिस का अनुमान है कि यह बाल उसी के हो सकते हैं, जिसका घटनास्थल पर अंगौछा मिला है।

# मशीन की चिंगारी से गेहूं जला

संवाददाता, घाटमपुर


आग बुझाने में जुटे रहे दमकलकर्मी और ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के चंवर गांव में गेहूं की मड़ाई करने वाली रीपर मशीन से निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते चिंगारी शोला बन गई और खेतों पर खड़ी गेहूं की फसल में भड़क गई। आग से लगभग पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के चवंर गांव में शुक्रवार की दोपहर अचानक खेतों पर खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। हवा के झोकों के साथ आग इस कदर भड़की कि आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। तब तक गांव वाले मिलकर आग पर काबू पाते, तब तक चंवर गांव के श्याम नारायण की दो बीघा, छोटे बउआ की एक बीघा और धर्मेंद्र तिवारी की एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

- घाटमपुर क्षेत्र के चवंर गांव में पांच बीघा फसल जलकर राख

सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि बगल के खेत में रीपर मशीन से गेहूं की कतराई हो रही थी। दुपहरी की तपिश में मशीन से निकलीं चिंगारी से आग लगने का अनुमान है। फसल में आग लगने की सूचना पर नायब तहसीलदार, कानूनगो प्रभात कुमार और लेखपाल मौके पर पहुंचे और आग लगने के कारणों का पता लगाते हुए नुकसान का आकलन किया।

## एक नजर

### नवविवाहिता ने खाया जहर अस्पताल में थम गईं सांसें

**घाटमपुर।** पतारा कस्बा निवासी हरिओम की पत्नी विनीता (20) ने शुक्रवार को संदिग्ध हालात में जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे लेकर पतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घाटमपुर थाने के उप निरीक्षक खुर्शीद अहमद ने बताया कि अभी परिजनों अथवा मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध को सांड़ ने पटका

**बिधनू।** कस्बा निवासी होरीलाल (74) शुक्रवार को खेत पर काम कर रहे थे। इसी बीच एक आवारा सांड़ खेत पर आकर गेहूं के गट्ठरों को बेझने लगा। बुजुर्ग ने सांड़ को भगाने का प्रयास किया तो सांड़ ने बुजुर्ग को सींग में फंसाकर पटक दिया, जिससे उनके सिर और कान में गंभीर चोटें आईं। कान फट गया। सांड़ दोबारा हमला करने लगा, तभी आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसानों ने लाठी-डंडा लेकर सांड़ को भगाया और घायल बुजुर्ग को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया।

# नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं का हंगामा

## खरगपुर के नर्सिंग कॉलेज की मान्यता नहीं होने पर भड़का गुस्सा, डीसीपी साउथ को सौंपी गई मामले की जांच

संवाददाता, कानपुर/बिधनू

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम थाना क्षेत्र के खरगपुर स्थित उत्कर्ष नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं का उस समय गुस्सा भड़क गया, जब उन्हें पता चला कि कॉलेज की मान्यता नहीं है। आधा सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं ने पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचकर हंगामा किया और भविष्य बर्बाद होने की दुहाई देते हुए कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इस मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

उत्कर्ष नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं दिव्या, मोहिनी, आरती, नीलू, साक्षी, दिपांशी, पूजा, अंजलि, रिंकी, दीपक, नमन, अभिषेक, सौरभ, शिवपूजन, करन, विवेक आदि गुरुवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे और हंगामा करते हुए एक प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में

- पुलिस कमिश्नर के ऑफिस पहुंचकर उठाई आवाज
- कोर्स पूरा होने के बाद छात्रों को मान्यता का पता चला

बताया गया है कि वर्ष 2019-20 में उन लोगों ने कॉलेज में दाखिला लिया था। कॉलेज प्रशासन की ओर से उन्हें आश्वस्त किया गया था कि कॉलेज इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल से मान्यता प्राप्त है। चार वर्ष का कोर्स पूरा होने के बाद उन्हें जॉब मिलेगी।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि उनका कोर्स लगभग पूरा हो चुका है। अब यह जानकारी मिली है कि उत्कर्ष कॉलेज इंडियन नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड ही नहीं है। यह हकीकत सामने आते ही उनके होश उड़ गए। इसकी शिकायत उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से की तो कॉलेज के प्रिंसिपल ने छात्रों को धमकी दी। इसी के बाद वे पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचे।


इंसाफ मांगने के लिए पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे नर्सिंग के छात्र-छात्राएं।

### पूरी फीस रिफंड कराने की उठाई मांग

छात्र-छात्राओं का कहना है कि वे लोग इस मामले की शिकायत पहले ही जिलाधिकारी और सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस से कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नाराज छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए मांग की कि उन्हें पूरी फीस रिफंड की जाए या फिर उनके कोर्स को इंडियन नर्सिंग काउंसिल से रजिस्टर्ड किया जाए। इनका कहना है कि कॉलेज प्रशासन ने उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। अगर उन की मांगें नहीं मानी जाएंगी तो वे लोग मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे।

> नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज की मान्यता नहीं होने की शिकायत की है और कहा है कि इससे उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। डीसीपी साउथ को मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।
>
> -अमिता सिंह, स्टॉफ ऑफीसर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट

> इंडियन नर्सिंग काउंसिल से चार वर्ष में मान्यता मिलती है। 2020 में कोविड के चलते मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2020-21 के सत्र में मान्यता मिल गई। अभी परीक्षाएं हुई हैं, सभी छात्र-छात्राओं को मान्यता प्राप्त डिग्री दी जाएगी। कुछ छात्र फीस नहीं जमा करना चाहते हैं, जिससे विवाद खड़ा कर रहे हैं।
>
> -राजेश त्रिवेदी, प्रबंधक

# महिला को रास्ते में घसीटा पीटा, पुलिस ने टरकाया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाने के महुआपुर गांव की एक महिला ने एसीपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की है। महिला का आरोप है कि गांव के युवक ने उसे रास्ते में घसीटकर पीटा और अभद्रता की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सजेती पुलिस युवक पर कार्रवाई नहीं कर रही है। एसीपी ने महिला को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

सजेती थाना क्षेत्र के महुआपुर गांव निवासी कल्ली पत्नी वीर सिंह ने एसीपी रंजीत कुमार सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के रहने वाले युवक ने उससे डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। जब वह रास्ते में मिला तो उसने तगादा किया। इससे गुस्साए युवक ने उसे रास्ते में गिराकर पीटा। जब उसने सजेती पुलिस को तहरीर दी

जांच के निर्देश

- सजेती थाना क्षेत्र के महुआपुर गांव का मामला
- पीड़िता की शिकायत पर एसीपी ने दिए जांच के निर्देश

तो पुलिस ने रुपये दिलाने की बात कहकर समझौता करा दिया और कोई कार्रवाई नहीं की।

शुक्रवार दोपहर एसीपी कार्यालय पहुंचकर महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। घटना से जुड़ा मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक महिला को गिराकर पीटते हुए दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो की 'अमृत विचार' पुष्टि नहीं करता। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत मिली है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी दस्तावेज से नौकरी पूरी रिटायरमेंट के बाद जांच शुरू

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र तैयार एक प्रधानाध्यापिका ने पूरी नौकरी की। पिछली 31 मार्च को सेवानिवृत्त भी हो गईं। अब वह जांच की आंच में घिर गई हैं। बीएसए, डीएम से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक मामले की शिकायत होने के बाद शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इस बीच उनके देयकों का भुगतान भी रोक दिया गया है।

क्षेत्र के भौसाना गांव के रहने वाले कृष्ण गोपाल ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि भौसाना गांव की चंद्रकांती शुक्ला उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी अभयपुर में प्रधानाध्यापिका के पद पर नियुक्त थीं, जो 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। शिकायत की गई है कि इन्होंने फर्जी दस्तावेजों में गलत जन्मतिथि दर्शा कर लगभग 14 वर्ष सरकारी नौकरी की। कक्षा पांच, आठ और नवीं पास किए बिना ही हाईस्कूल पास कर नौकरी कर रही थीं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर नौकरी करने की शिकायत उन्होंने एबीएसए से लेकर उच्च अधिकारियों तक की, लेकिन सांठ-गांठ के चलते अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जून 2023 में उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। बताया गया है कि परिवार रजिस्टर में चंद्रकांती की जन्मतिथि वर्ष 1949 दर्ज है। ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में उम्र 50 वर्ष है, जबकि विधानसभा की मतदाता सूची में उम्र 56 वर्ष है। 2022 की विधानसभा मतदाता सूची में उम्र 70 वर्ष दर्ज हुई है। चंद्रकांती की पुत्रवधू ही बीएलओ हैं।

शिकायतकर्ता ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका की उम्र की सही जांच कराने, सीधे हाईस्कूल की परीक्षा पास करने की जांच कराने की मांग उठाई है और जांच पूरी होने तक अध्यापिका का फंड, पेंशन, बीमा आदि का भुगतान रोके जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि प्रधानाध्यापिका के पुत्र उन्हें धमका रहे हैं।

### पति की जगह मिली थी नौकरी

नौकरी और वेतन उठाने के मामले में पता चला है कि अध्यापिका को नौकरी उनके पति की मृत्यु के बाद मिली थी। आखिर शिक्षा विभाग ने दस्तावेजों की जांच-पड़ताल किए बिना कैसे नियुक्ति दी, यह भी एक बड़ा सवाल है।

> फर्जी दस्तावेज लगाकर शिक्षिका द्वारा नौकरी करने की शिकायत हुई है, जिसकी जांच चल रही है। शिक्षिका के फंड और देयकों का भुगतान रोक दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई होगी।
>
> - कृपाशंकर यादव, बीईओ

# दयालपुर स्कूल के नौ बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के घोषित परिणाम में विकास खंड क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर के सर्वाधिक नौ बच्चे चयनित हुए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के कुल 52 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति अपने नाम की है। बच्चों की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

गुरुवार को घोषित हुए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) के परिणाम में विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों के 52 बच्चे चयनित हुए हैं। इनमें सर्वाधिक नौ बच्चे पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर के शामिल हैं। खास बात यह है कि विद्यालय के अरुण मिश्रा ने जनपद में पांचवां, जबकि खुशी कमल ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों ने अगले 4 वर्ष मिलने वाली कुल 48,000 रुपये की छात्रवृत्ति अपने नाम दर्ज करा ली है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर के प्रधानाध्यापक अब्दुल मजीद सिद्दीकी ने बताया कि कानपुर मंडल में तीन वर्षों से सर्वाधिक बच्चे यूपीएस दयालपुर के रहे हैं। वर्ष 2021-22 में भी सात बच्चे परीक्षा में चयनित हुए थे। सभी बच्चों ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार विद्यालय में चयनित बच्चों में दो बच्चे निवाड़ी के, दो इटरा के, दो बनी के और तीन बच्चे दयालपुर गांव के शामिल हैं।


अरुण मिश्रा।


खुशी कमल।

# लोडर चालक और सुपरवाइजर को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** 29 फरवरी को बिल्हौर के निर्माणाधीन नए कोतवाली भवन के सामने से हुई लूटपाट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल के निर्देशन में बिल्हौर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके ऊपर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था।

थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से शातिरों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि लूट के मामले में कन्नौज जनपद के बुद्धापुरवा निवासी शैंकी पुत्र राजकपूर और हरदोई जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के राम उर्फ रमन पुत्र राजेन्द्र को माल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक दोनों के पास दो तमंचे, घटना में प्रयुक्त बाइक, 17 हजार नकदी, मोबाइल फोन, आधार कार्ड बरामद किया गया है। कोतवाली प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि लूटकांड के बाद से लुटेरों की तलाश की जा रही थी। आखिर सर्विलांस की मदद से दो लुटेरों को पकड़ा गया।

खुलासा

- 29 फरवरी को निर्माणाधीन भवन के सामने हुई थी लूट
- पकड़े गए लुटेरों में एक कन्नौज और दूसरा हरदोई का निवासी


पकड़े गए लुटेरे। अमृत विचार

### पंचर पहिया बदलते समय की गई थी वारदात

29 फरवरी की देर रात 10 बजे नौबस्ता कानपुर नगर के रहने वाले एक कांस्ट्रक्शन कम्पनी के सुपरवाइजर कमलेश कुमार अपने वाहन से फर्रुखाबाद जा रहे थे। उनके साथ ड्राइवर शानू अहमद था। बिल्हौर कस्बे से दो किलोमीटर दूर हाईवे पर ईशन नदी पुल के पास गाड़ी का पहिया पंचर हो गया था। पंचर पहिया बदलने के लिए ड्राइवर उसे खोल रहा था, तभी तीन युवक उनके पास पहुंचे और पीने के लिए उनसे पानी मांगा। पानी नहीं होने पर तीनों चले गए। कमलेश और शानू पहिया बदलने के बाद सामान चेक कर रहे थे, तभी तीनों युवक फिर आए और उनके साथ लाठी-डंडों से हमला कर कमलेश के 24,000 रुपये, मोबाइल फोन और ड्राइवर शानू की जेब से 8,000 रुपये, मोबाइल के साथ गाड़ी में रखे कागजात, लाइसेंस, पैनकार्ड लूटकर फरार हो गए थे।

चेकिंग तेज

## लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन, थानेवार चलाया अभियान

# जिले की सीमाओं पर पुलिस की पैनी नजर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिल्हौर सर्किल के सभी थानों में वाहनों का चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। शुक्रवार को ककवन कस्बे में कस्बा इंचार्ज अबरार खान की अगुवाई में अभियान चलाया गया। हालांकि चेकिंग के दौरान पुलिस को कुछ खास हाथनहीं लगा।

पुलिस के चेकिंग अभियान से बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और बिना एचएसआरपी वाले वाहनों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। पुलिस का कहना है कि अगर ऐसे वाहन सड़क पर दिखते हैं तो उन्हें जब्त किया जाएगा। पुलिस सघन चेकिंग अभियान चलाएगी। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों को चुनाव के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। सभी थाना प्रभारियों को सुबह- शाम जनपद के बॉर्डर पर विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को कन्नौज बॉर्डर के मकनपुर में चौकी इंचार्ज राजन मौर्य के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चला। अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल ने भी थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर अभियान चलाया, जबकि बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बिल्हौर नगर पालिका चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया।


शुक्रवार को बिल्हौर क्षेत्र में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की छानबीन की। अमृत विचार

### जरूरी कागजात लेकर चलें वाहन मालिक

एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने कहा कि दोपहिया वाहन में हेलमेट लगाना जरूरी है। बिना हेलमेट वालों का भी चालान काटा जाएगा। वाहन मालिक जरूरी कागजात साथ लेकर चलें। खास बात यह है कि क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट वाले वाहन खूब दौड़ते हैं। तमाम वाहनों में अभी तक एचसपीआरपी भी नहीं लगी है। अब इसमें किसी तरह की ढील नहीं बरती जाएगी।

# रेउना और सजेती में दो युवकों ने दी जान

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेउना और सजेती थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगा ली, जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पहली घटना सजेती थाना क्षेत्र के कोरिया इलाके की है। यहां कोरिया चौकी क्षेत्र के जमालपुर गांव के जयप्रकाश (29) पुत्र अमर सिंह ने गुरुवार रात घर में छत वाले पंखे पर फंदा डालकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी पर लटका देखकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फांसी का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

वहीं दूसरी घटना रेउना थाना क्षेत्र के देवीपुर गांव की है। यहां संदीप पुत्र रामनरेश बिहार में सरकारी शिक्षक था। गुरुवार की रात उसने घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। संदीप की पत्नी शीलू का दो माह पहले निधन हो गया था, जिससे वह डिप्रेशन में रहता था।

### शराब के लती युवक ने फंदा डाल खुदकुशी की

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के करचुलीपुर निवासी राकेश पाल (27) के पिता छेदालाल पाल की मौत हो चुकी है। राकेश ने गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार युवक शराब का लती था। इसी कारण शादी भी नहीं हुई थी। घटना के समय उसकी मां और छोटी बहन एक शादी कार्यक्रम में गए थे।

## सार-संक्षेप


कूष्मांडा देवी मंदिर के यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल बटुक। अमृत विचार

### कूष्मांडा मंदिर में 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार

**घाटमपुर।** वैसाख माह की तृतीया पर मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में सनातन धर्म संस्कार की ओर से 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक प्रदीप शुक्ला ने बताया कि आचार्य स्वामीजी महाराज, पं.इष्टदेव शुक्ला, पं. हरिशंकर, पं.अजय शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञोपवीत संस्कार कराया। इस दौरान दो जोड़ों का विवाह भी संपन्न हुआ। इस दौरान बटुकों के परिजन भी मौजूद रहे। भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बड़े ही चाव से प्रसाद ग्रहण किया। शादी के बाद दोनों जोड़े हंसी-खुशी विदा हुए।

### शादी में शामिल होने गए युवक के साथ मारपीट

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल गांव के शमी मोहम्मद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गांव के ही एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां गांव का सद्दाम भी था, जिससे जमीन के मुकदमे को लेकर रंजिश चल रही है। उसी खुन्नस में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शमी मोहम्मद ने आरोप लगाया कि पुलिस सद्दाम को थाने में बैठाती है, जिसके कारण उस पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती। उसके हौसले बुलंद हैं। थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि पुलिस पर आरोप गलत है। प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

